commonpurpose




# इंडिया लीडरशिप अकादमी दिसंबर 2026

## नेतृतव के द्रष्टिकोण

**पहले नौ संस्करणों में उभरते और वरिष्ठ नेताओं के साथ मिली सफलता के आधार पर, कॉमन पर्पज़ इंडिया लीडरशिप अकादमी (आईएलए) दिसंबर 2026 में बेंगलुरु, भारत में अपने 10वें संस्करण के साथ लौट रही है।**

इंडिया लीडरशिप अकादमी एक अग्रणी नेतृत्व विकास कार्यक्रम है, जिसे 2021 में ए.टी.ई. चंद्रा फाउंडेशन और नीलेकणी फिलैंथ्रॉपीज़ के सहयोग से हिंदी में शुरू किया गया था। यह कार्यक्रम सामाजिक क्षेत्र के उन असाधारण नेताओं के लिए तैयार किया गया है जो तेज़ी से बदलती दुनिया में नेतृत्व की नई परिभाषा गढ़ने के लिए तैयार हैं।

इस अकादमी का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य उन क्षमताओं का विकास करना है, जिनकी आवश्यकता विभिन्न क्षेत्रों, पहचानों और दृष्टिकोणों की सीमाओं से परे नेतृत्व करने के लिए होती है। यह प्रतिभागियों को औपचारिक अधिकार से आगे बढ़कर नेतृत्व करना, विविध एवं उद्देश्य-आधारित नेटवर्क विकसित करना, तथा साझेदारी के माध्यम से जटिल चुनौतियों का समाधान करना सिखाती है। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को इन नेतृत्व दृष्टिकोणों का वास्तविक परिस्थितियों में अभ्यास करने तथा यह विचार करने का अवसर मिलेगा कि वे अपने अनुभवों, सीख और नेटवर्क का उपयोग अपने समुदायों में सार्थक और दीर्घकालिक परिवर्तन लाने के लिए कैसे करेंगे।

---

**इंडिया लीडरशिप अकादमी का 10वाँ संस्करण 8 से 11 दिसंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत के गैर-लाभकारी (नॉट-फॉर-प्रॉफिट) क्षेत्र से उच्च क्षमता वाले उभरते नेताओं का एक नया समूह एक साथ आएगा।**

---

Venue Partners Samāgata Foundation

## यह कार्यक्रम किनके लिए है?

Thयह अकादमी भारत के सामाजिक क्षेत्र के उच्च क्षमता वाले उत्कृष्ट नेताओं को एक मंच पर लाती है। प्रतिभागी वे होते हैं जिन्हें अपने संगठन की वरिष्ठ प्रबंधन टीम का हिस्सा माना जाता है।

कार्यक्रम का पूरा अनुभव हिंदी में होगा, इसलिए हिंदी में सहज बातचीत करने की क्षमता आवश्यक है।

**उद्देश्य:**

- एक नेता के रूप में स्वयं के प्रति जागरूकता और अपने प्रभाव की बेहतर समझ विकसित करना।
- अपनी नेतृत्व संबंधी चुनौतियों को समझना तथा उनसे बेहतर ढंग से निपटने के लिए नए कौशल और क्षमताओं का विकास करना।
- सहयोगात्मक सोच विकसित करना और सार्थक नेटवर्क बनाना।

## आवेदन कैसे करें?

प्रत्येक प्रतिभागी को अपना आवेदन व्यक्तिगत रूप से जमा करना होगा।

**यहाँ आवेदन करें**
या
QR कोड स्कैन करें

उम्मीदवारों को यह बताते हुए कि उन्हें अकादमी के लिए क्यों चुना जाना चाहिए, एक अनुशंसा पत्र (Reference Letter) भी जमा करना होगा ।
कार्यक्रम में भागीदारी शुल्क **₹25,000/-** है। ज़रूरतमंद और योग्य प्रतिभागियों के लिए सीमित संख्या में छात्रवृत्तियाँ (बर्सरी) उपलब्ध हैं। यदि आप इसके बारे में अधिक जानकारी चाहते हैं, तो हमसे संपर्क करें।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
**श्रद्धा थपलियाल**
**प्रोजेक्ट्स मैनेजर, कॉमन पर्पज़**
**मोबाइल: +91 8126570970**
**ईमेल: shradha.thapliyal@commonpurpose.org**

## आगामी इंडिया लीडरशिप अकादमी (2026) की समय-सारिणी

| **बैच** | **दिसंबर 2026 बैच** |
|---|---|
| **ज़ूम पर प्रारंभिक सत्र** | मंगलवार, 1 दिसंबर 2026<br>प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक |
| **बेंगलुरु स्थित समागता फ़ाउंडेशन में प्रत्यक्ष कार्यशाला** | मंगलवार, 8 दिसंबर – शुक्रवार, 11 दिसंबर 2026 |
| **ज़ूम पर लर्निंग ग्रुप सत्र** | शुक्रवार<br>22 जनवरी \| 12 मार्च \| 23 अप्रैल, 2027<br>समय: शाम 5:00 बजे से 6:30 बजे तक |

# हमारा प्रभाव

**हमारे कार्यक्रमों का समग्र प्रभाव निम्नलिखित परिणामों के संयोजन के रूप में दिखाई देगा:**

## 89%

अपने औपचारिक अधिकार के दायरे से परे भी प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने और कार्य करने में अधिक सक्षम बनें।

## 93%

विभिन्न समूहों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में अधिक सक्षम बनें।

## 93%

अनेक हितधारकों से जुड़ी जटिल परिस्थितियों में अधिक प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन और नेतृत्व करने में सक्षम बनें।

## 93%

अपने संगठन, शहर या समुदाय में अधिक प्रभावी योगदान देने में सक्षम बनें।



**क्या अपेक्षा करें: प्रमुख विशेषताएँ**

- **नेतृत्व का स्व-मूल्यांकन**
- **मिश्रित (ब्लेंडेड) शिक्षण पद्धति**
- **गहन चिंतन और सीख को बढ़ावा देने वाली सशक्त प्रक्रियाएँ**
- **बाहरी विशेषज्ञों एवं वक्ताओं से सीखने और नेटवर्क बनाने के अवसर**
- **नेतृत्व व्यवहारों के विकास के लिए व्यक्तिगत कार्ययोजना**
- **वैकल्पिक 1:1 मेंटरिंग**
- **प्रतिभागियों और उनके संगठनों के लिए विचारों के आदान-प्रदान का मंच**
- **आजीवन सीखने के लिए व्यापक पूर्व प्रतिभागी (एलुमनाई) समुदाय का हिस्सा बनने का अवसर**
- **पूरे संगठन में सीख को लागू करने के लिए वैकल्पिक संगठन-स्तरीय सत्र**



## हमारे संस्थापक

TATA CHEMICALS

ROHINI NILEKANI philanthropies

ate CHANDRA FOUNDATION

WWF | HSBC

YES FOUNDATION